## एक नजर में

### दुर्गा वाहिनी के प्रशिक्षण वर्ग में आत्मरक्षा की तकनीक सीख रही हैं बहनें



**महेश्वर, निप्र।** विश्व हिंदू परिषद की महिला इकाई दुर्गा वाहिनी के तत्वावधान में 7 दिवसीय प्रशिक्षण महेश्वर के महेतवाड वाला रोड पर स्थित यमुना कुंज धर्मशाला में दिया जा रहा है। मालवा प्रांत की कई बहाने आत्मरक्षा के गुरूर सीख रही है 5 अप्रैल से प्रारंभ हुए इस प्रशिक्षण वर्ग में खरगोन, खंडवा,धार ,बड़वानी, इंदौर के साथ अन्य कई जिलों की बहने शामिल है 350 से अधिक संख्या में उपस्थित प्रशिक्षणनाथी हिंदू परिषद की महिला इकाई दुर्गा वाहिनी के माध्यम से आत्म रक्षा के टिप्स सिखते हुए स्वाभिमानी बन रही है। प्रशिक्षण के विभिन्न कालखंडों में बहनों को शारीरिक, मानसिक तथा बौद्धिक रूप से भी सुदृढ़ व प्रशिक्षित किए जाने का कार्य विश्व हिंदू परिषद की महिला अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का समापन 12 अप्रैल को होगा।

### बैड़िया और समीपस्थ ग्राम भुलगांव में किया बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण का भूमिपूजन



**बैड़िया, निप्र।** मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत ग्राम बैड़िया एवं समीपस्थ ग्राम भुलगांव में बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया गया। विधायक सचिन बिरला और साथियों ने ग्राम बैड़िया में अनंत सेठ के घर से झंडा चौक होते हुए आंगनवाड़ी तक 319 .64 लाख रु की लागत से बनने वाली 1 किमी लंबी सड़क एवं ग्राम भुलगांव में लाखन बाबा मंदिर से मोगावां रोड तक 446 .42 लाख रु की लागत से बनने वाली 2 किमी लंबी सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया। विधायक ने कहा कि ग्रामवासियों को लंबे समय से इन सड़कों के निर्माण की प्रतीक्षा थी। प्रदेश की डॉ .मोहन यादव सरकार ग्रामवासियों की मंशानुरूप सड़कों के निर्माण के लिए संकल्पबद्ध हैं। विधायक ने कहा कि सड़कें क्षेत्र के विकास का मार्ग प्रशस्त करती हैं। सड़कों के निर्माण से आवागमन सुगम होता है और विकास की गति तीव्र होती है। भूमिपूजन समारोह में भाजपा नेता दिलीप पटेल, चंद्रपालसिंह सोहनेर, ओमप्रकाश राठौड़,गोविंद बिरला,कुसुम बिरला,अरविंद रावल,रजनीश कानूनगो,बलिराम पटेल,राजेंद्र नामदेव,नरेंद्र गावशिंदे,ओम पटेल,यशवंत चौधरी,सावन जैन, संजय पाठक,राकेश वर्मा,सुरेंद्र सोनी, बेनीराम भायड़िया,धीरेंद्र जैन, महेश राठौड़,हर्षदीप नामदेव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### टीईटी से संबंधित हालिया निर्णयों के विरोध में विधायक झूमा सोलंकी के नाम ज्ञापन सौंपा



**भीकनगांव, निप्र।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ, ब्लॉक इकाई भीकनगांव द्वारा टीईटी से संबंधित हालिया निर्णयों के विरोध में क्षेत्रीय विधायक झूमा सोलंकी के नाम ज्ञापन विधायक कार्यालय पर दिया सौंपा गया। ज्ञापन में शिक्षकों ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद उत्पन्न परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए व्यावहारिक समाधान की मांग की। शिक्षक संघ के अनुसार टीईटी से जुड़े नए प्रावधानों के कारण प्रदेश के हजारों शिक्षकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वर्ष 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को पहले के योग्य एवं छूट प्राप्त की श्रेणी में रखा गया था, लेकिन वर्तमान निर्णय के बाद उनकी सेवाओं और भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई है। संघ ने शासन से मांग की कि ऐसे शिक्षकों के हित में स्पष्ट एवं न्यायसंगत निर्णय लिया जाए। यह भी कहा गया कि शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत अनुभवी शिक्षकों के साथ किसी प्रकार का अन्याय न हो और उनकी सेवाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इस दौरान जगदीश हिरवे , आनंदराम बरखने जिला उपाध्यक्ष , मुकेश यादव तहसील अध्यक्ष, मनोज श्रीवास ब्लाक अध्यक्ष, संतोष व्यास संगठन मंत्री, आयुष वर्मा, हरेसिंह मंडलोई, सुनीता वर्मा, सीमा गुप्ता, विनीता तत्पाल, आशीष बर्वे सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। विधायक झूमा सोलंकी ने शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें उचित मंच पर उठाने एवं समाधान के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया।

### कांग्रेस ने की घटिया सड़क निर्माण की शिकायत

**बड़वाह, निप्र।** ग्राम कदवालिया से अग्रवाल डिस्टीलरी सबलपुरा तक बन रही सड़क सीसी रोड में घटिया निर्माण की शिकायत ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कदवालिया के ग्रामीणों के साथ पीडब्ल्यूडी कार्यालय में की। विभागीय जानकारी अनुसार इस सड़क निर्माण का ठेका खरगोन की राधाकुंज कंस्ट्रक्शन ने लिया है। इनके पेटी कांटेक्ट द्वारा अनुबंध शर्त विरुद्ध घटिया निर्माण से ग्रामीणों में नाराजगी है। मौके पर ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर को सड़क में पड़ी दरारों और घटिया सामग्री दिखाई तो उन्होंने भी पेटी कांट्रेक्टर द्वारा घटिया सामग्री से घटिया निर्माण करने की बात स्वीकारी। ग्रामवासी प्रेमचंद खांडे, राधेश्याम मंसोरे और अशोक खांडे का कहना है कि अनुबंध में तयशुदा क्वालिटी की रेती सरिया सीमेंट और अन्य सामग्री के उपयोग की जानकारी सामान्य भाषा में सार्वजनिक की जानी चाहिए। घटिया निर्माण उखाड़े और दुबारा गुणवत्ता पूर्ण निर्माण करें। ग्रामीणों द्वारा सब इंजीनियर से शिकायत पर भी गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ। ग्रामीणों की नाराजी और आक्रोश के चलते ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण शर्मा मंगलवार को पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर चंद्रसिंह पडवी को शिकायत करने पहुंचे। उनकी अनुपस्थित में कार्यालय में शिकायती पत्र सौंपा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग थी। वर्षों बाद सरकार जागी और निर्माणाधीन सड़क में अभी से दरारें आ गई। क्योंकि खोदू भरु रेती और घटिया सीमेंट से सड़क का घटिया निर्माण हो रहा



# जल संरक्षण में जनभागीदारी से मिली नई ऊर्जा

## नदी-बावड़ी सफाई से लेकर प्रदेश में तीसरा स्थान, जिले की बड़ी उपलब्धि

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 जिले में जनभागीदारी और प्रशासनिक समन्वय का प्रभावी उदाहरण बनकर उभरा है। भगवानपुरा विकासखंड के ग्राम थरड़पुरा में गणगौर गोमुख नदी एवं माता मंदिर स्थित बावड़ी की सामूहिक सफाई कर अभियान की जमीनी शुरुआत की गई, वहीं सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप जिले ने प्रदेश स्तरीय डैशबोर्ड में तीसरा स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है।




अभियान में ग्रामीणों ने दो घंटे श्रमदान कर गणगौर गोमुख नदी को स्वच्छ किया और बावड़ी की सफाई के साथ जल रोकने के लिए पत्थर बंधान का निर्माण भी किया। इस अवसर पर संभागीय समन्वयक अमित शाह के मार्गदर्शन में जल संरक्षण को व्यवहार में उतारने का संकल्प लिया गया। परिषद के ब्लॉक समन्वयक महेश कुमार खराड़े ने बताया कि 19 मार्च से 30 जून तक चल रहे इस महाअभियान में श्रमदान, स्वच्छता और जल सहेजने की शपथ के माध्यम से जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा रहा है। ग्रामीणों को सप्ताह में कम से कम दो घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने तथा गंदे पानी से फैलने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नवीन जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण, पूर्व से मौजूद जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार, जल स्रोतों एवं जल वितरण प्रणालियों की नियमित साफ-सफाई तथा ग्राम स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। समाज और सरकार की सहभागिता से जल संरक्षण एवं संवर्धन को स्थायी आंदोलन बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में 06 अप्रैल 2026 को जिले को प्रदेश स्तरीय डैशबोर्ड में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। उज्जैन एवं खंडवा के बाद जिले की यह रैंकिंग दर्ज की गई है, जबकि कसरावद विकासखंड भी प्रदेश के शीर्ष तीन ब्लॉकों में शामिल हुआ है।

### 55 फीसदी कार्य पूर्ण

अभियान अवधि में जिले में कुल 7,284 कार्य स्वीकृत हुए, जिनमें से 4,039 कार्य पूर्ण होकर लगभग 55 प्रतिशत प्रगति हासिल की गई है। वित्तीय रूप से, लगभग 147.82 करोड़ के कार्य स्वीकृत किए] जिनमें से 116.05 करोड़ के कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। अधिकांश कार्य मनरेगा में किए गए हैं। इस अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास, वन, जल संसाधन, कृषि, उद्यानिकी, पर्यावरण, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, राजस्व, संस्कृति एवं जनसंपर्क सहित लगभग 17 विभागों द्वारा समन्वित रूप से कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देशानुसार फील्ड अमले को जल गंगा संवर्धन कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। वहीं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मिलिंद कुमार नागदेवे द्वारा सतत मॉनिटरिंग एवं गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने वर्षा जल की प्रत्येक बूंद के संरक्षण को आवश्यक बताते हुए कहा कि इससे पेयजल, सिंचाई, निस्तार एवं भूजल स्तर में वृद्धि सुनिश्चित होगी। अमृत सरोवरों का उपयोग स्व-सहायता समूहों के माध्यम से मत्स्य पालन के लिए किए जाने की योजना है, जिससे आयवृद्धि व रोजगार भी मिलेगा।

## 5 श्रद्धालुओं से शुरू हुई नर्मदा पंचक्रोशी यात्रा, अब हजारों की आस्था का संगम



**कसरावद, निप्र।** निमाड़ अंचल की आस्था, संस्कृति और परंपरा का प्रतीक श्री शक शालीवाहन नर्मदा पंचकोशी पदयात्रा इस वर्ष 13 अप्रैल से प्रारंभ होकर 17 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। यह यात्रा 24वें वर्ष में प्रवेश कर रही है और हर वर्ष की तरह इस बार भी हजारों श्रद्धालु इसमें शामिल होकर मां नर्मदा की भक्ति में लीन होंगे।

यात्रा का शुभारंभ वरुथिनी एकादशी के दिन से होगा और सत्तू अमावस्या को इसका समापन किया जाएगा। श्री शैव संप्रदाय के तत्वावधान में गुरुदेव डॉ. रविंद्र चौरे भारती की प्रेरणा से आयोजित इस पंचकोशी पदयात्रा का संचालन स्थानीय समिति द्वारा किया जा रहा है। यह यात्रा शक संवत प्रवर्तक महाराजा रुद्रदामा की पुण्य स्मृति में निकाली जाती है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र की धार्मिक विरासत को सहेजना और नई पीढ़ी को उससे जोड़ना है। आयोजकों के अनुसार यह पंचकोशी पदयात्रा नर्मदा परिक्रमा की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। पांच दिनों तक चलने वाली इस यात्रा में श्रद्धालु मां नर्मदा के विभिन्न घाटों पर स्नान, दर्शन और पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। यात्रा मार्ग में दर्जनभर मंदिर, आश्रम और घाट शामिल हैं, जहां श्रद्धालुओं के लिए विश्राम एवं धार्मिक आयोजनों की व्यवस्था की गई है।

**इतिहास और बढ़ती आस्था:-** आयोजक राजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि इस यात्रा की शुरुआत वर्ष 1998 में मात्र पांच श्रद्धालुओं के साथ की गई थी। उज्जैन की पंचकोशी यात्रा की तर्ज पर शुरू हुई यह पदयात्रा आज हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बन चुकी है। जहां विक्रम संवत की परंपरा उज्जैन से जुड़ी है, वहीं शक संवत की गौरव गाथा निमाड़ के नावड़ाटौड़ी क्षेत्र से संबंधित मानी जाती है। इसी ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए इस यात्रा को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है।

**यात्रा मार्ग और आयोजन:-** यात्रा का शुभारंभ 13 अप्रैल को शालीवाहन मंदिर में नर्मदा पूजन एवं ध्वज पूजन के साथ किया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालु ढालखेड़ा, खलबुजुर्ग, सहस्त्रधारा, मण्डलेश्वर और कठोरा होते हुए पुनः नावड़ाटौड़ी पहुंचेंगे। यात्रा के दौरान प्रतिदिन सुबह-शाम नर्मदा आरती, भजन-कीर्तन और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। अंतिम दिन गंगाघाट पर विशेष पूजन-अर्चना के साथ यात्रा का समापन होगा तथा श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी। अनुशासन और व्यवस्था पर जोर आयोजकों ने यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं से अनुशासन, स्वच्छता और पारंपरिक वेशभूषा का पालन करने की अपील की है। साथ ही भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन, पुलिस एवं स्थानीय नागरिकों से सहयोग का भी आग्रह किया गया है। यात्रा संयोजक राजेंद्र यादव एवं उनकी टीम ने बताया कि सभी श्रद्धालु अपने आवश्यक सामान के साथ स्वयं की जिम्मेदारी पर यात्रा में शामिल हों और ओंकार ध्वज से संबंधित नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

## नगर पालिका परिषद बड़वाह का विशेष सम्मेलन

**बड़वाह, निप्र ।** नगर पालिका परिषद बड़्वाह का विशेष सम्मेलन गत दिवस संपन्न हुआ । नगर पालिका अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता एवं समस्त पार्षदगण, समस्त एल्डरमेन की उपस्थिति में 28 प्रस्तावों पर सर्वानुमति से स्वीकृति प्रदान की गई । नगर पालिका अध्यक्ष श्री गुप्ता ने बताया कि कुल 28 विषयों में प्रथम विषय बजट वर्ष 2026 - 27 की स्वीकति प्रदान की गई ।



नगर पालिका परिषद में प्रथम बार 1,52,500 रुपए के बचत का बजट प्रस्तुत किया गया। इसी के साथ ही वर्ष 2026-27 में निकाय में लगने वाली विभिन्न सामग्री क्रय करने एवं किराये पर लेने के लिये विषय रखे गये । नगर में बन रहे शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण एवं व्क्रिय हेतु दुकानों के टेण्डर की स्वीकृति सर्वानुमति से प्रदान की गई । मुख्यमंत्री अधोसंरचना चतुर्थ चरण के अंतगत नगर के समस्त वार्डों में निर्माण कार्य कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई । पेयजल से संबंधित विषय पर प्रतिमाह दर में 15 रू की वृद्धि की गई है एवं समय प्रबंधन पर भी विचार किया गया।

नगर पालिका प्रांगण के शेड, कंवर कॉलोनी स्थित सांइ मंदिर के पीछे गार्डन के किराया निर्धारण का प्रस्ताव पारित किया गया । साहूकारी लायसेंस फिस वृद्धि के विषय को सर्वानुमति से स्वीकृत किया गया । मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री कुलदीप किंशुक ने बताया कि शासन व्दारा नवनियुक्त एल्डरमेन एवं विधायक महोदय व्दारा नगर पालिका में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त करने पर समस्त सदस्यों के सम्मान में निजी होटल में उक्त परिषद की बैठक आयोजित की गई थी।

बैठक के पश्चात सहभोज का आयोजन किया गया । उक्त बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता, पार्षदगण श्रीमती जाग्रति नरेन्द्र जायसवाल, नर्मदाबाई बद्रीलाल पटेल, गणेश पटेल, विजयलक्ष्मी कृष्णपालसिंह तोमर, रूपसिंह रावत, सीमा अनिल कानूनगो, रजनी दिलीप भंडारी, ज्योति विजय सोनी, श्री मजहर अली, श्रीमती सोनल विजय महाजन एल्डरमेन महिम ठाकुर, श्री संजय जैन, श्री कैलाश साहू, श्री विक्रांत कोठारी, श्री प्रेमचंद पाटीदार, श्रीमती त्रप्ति अभिषेक जैन विधायक प्रतिनिधि श्री गुलबीरसिंह भाटिया सी.एम.ओ. श्री कुलदीप किंशुक, नगर पालिका इंजीनियर श्री करण अलावा, सुश्री श्वेता सुमन, श्री नागेश्वर दत्त पाण्डे, प्रभारी लेखापाल श्री रमेश हिरवे, राजस्व शाखा प्रभारी श्री दीपेश शेखावत एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे । वार्ड क्र. 10 एवं 11 के पार्षद विष्णु वर्मा व सुनील चौधरी नगर से बाहर होने के कारण उन्होने बैठक में समस्त विषयों पर पत्र के माध्यम सेअपनी लिखित सहमति प्रदान की।

## 'रामकरण कुशवाह' की सेवानिवृत्ति पर स्टाफ ने शाल-श्रीफल देकर किया सम्मानित



**गोगावा, निप्र।** भवानी मैरेज गार्डन नागझिरी में बिदाई समारोह के दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ कमलेश सिंगोरिया ने उन्हें कार्य के प्रति सजग ,मेहनती व एक सफल निष्ठावान कर्मचारी बताया।

सुपरवाइजर कैलाश कुशवाह ने बताया कि उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए पूर्व में कई बार राषटीय पर्व पर वरिष्ठ कार्यालय द्वारा सम्मानित किया जा चुका हैं। कार्यक्रम के पूर्व डॉ वैशाली गुप्ता व डॉ सुनील सेनानी ने मा सरस्वती के चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर रामकरण कुशवाह के परिवार के परिवार के साथ स्टाफ द्वारा संगीत व नृत्य की प्रस्तुति की गई ,इस अवसर पर रामकरण कुशवाह ने कहा कि शासकीय कार्यो के प्रति समर्पण सभी कर्मचारियों को करना चाहिए व अपने शासकीय सेवाकाल के अनुभव सुनाए इस अवसर पर डॉ देव जाधव ,कैलाश कुशवाह ,सुनीता असलकर, खुशुब कुशवाह, राजेश रावल, महेन्द्रसिंग मंडलोई, शाहनवाज खान, जितेंद पाटीदार, आशिष पंवार, रजनी पटेल, संध्या गुप्ता, विद्या सोलंकी, साधना यादव, मनीषा बघेल, शांता सोलंकी ,पूजा यादव ,सोमती नार्वे व 24 ग्रामों के स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्लाक मलेरिया निरीक्षक अशोक कुशवाह ने किया व आभार परसराम क्षेत्रे ने माना।

## सनावद में आधुनिक फिजियोथेरेपी सेंटर का किया शुभारंभ

**सनावद, निप्र।** पोरवाड़ जैन प्रोफेशनल्स (PJP) को यह बताते हुए हर्ष एवं गर्व हो रहा है कि पोरवाड़ दिगंबर जैन समाज की प्रतिभाशाली सुपुत्री डॉ. अक्षता जैन (सनावद) ने सनावद नगर में एक आधुनिक, वातानुकूलित एवं पूर्णतः सुसज्जित फिजियोथेरेपी सेंटर का शुभारंभ किया है।

सेंटर क्षेत्र के मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों के मार्गदर्शन में उच्चस्तरीय फिजियोथेरेपी सेवाएं प्रदान करेगा। इस सुविधा के प्रारंभ से अब सनावद एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को उपचार हेतु इंदौर जैसे बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे उनके समय एवं आर्थिक संसाधनों की बचत होगी। डॉ. अक्षता जैन की यह उपलब्धि पोरवाड़ दिगंबर जैन समाज के लिए गर्व का विषय है तथा समाज की बेटियों की प्रगति एवं सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है। परोपकार एवं सेवा भावना से प्रेरित इस स्वास्थ्य सुविधा के प्रारंभ से जैन समाज के सदस्यों सहित सनावद के समस्त स्थानीय नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। डेविड जैन, शशि जैन, लोकेन्द्र जैन सहित समस्त जैन समाज के सदस्यों ने डॉ. अक्षता जैन को इस उपलब्धि हेतु हार्दिक बधाई प्रेषित की




है। साथ ही, सनावद नगर के नागरिकों ने इस स्वास्थ्य सेवा के प्रारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त की है। पोरवाड़ जैन प्रोफेशनल्स परिवार द्वारा डॉ. अक्षता जैन के उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर सफलता की कामना की गई है।

**एक नजर में** — कॉलेज परिवार में हर्ष और गर्व का माहौल

## एनसीसी अधिकारी संतोष राठौड़ को मिला लेफ्टिनेंट रैंक का पद

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** महाविद्यालय के लिए यह अत्यंत गौरव और प्रसन्नता का विषय है कि सहायक प्राध्यापक एवं एनसीसी अधिकारी संतोष कुमार राठौड़ ने ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी कामठी में आयोजित तीन माह का पीएनआरसी (प्री-कमीशन्ड कोर्स फॉर एनसीसी) सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है। इस उपलब्धि के साथ उन्हें राष्ट्रीय कैडेट कोर में एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर के रूप में लेफ्टिनेंट का पद प्राप्त हुआ है।



राठौड़ वर्तमान में महाविद्यालय में एनसीसी अधिकारी के रूप में सेवाएँ दे रहे हैं और विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से उनके सैन्य एवं नेतृत्व कौशल और अधिक सुदृढ़ हुए हैं। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए हृष्ट का अर्थ है अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, नेतृत्व और देशप्रेम की पहचान।' महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जीएस चौहान ने श्री राठौड़ को बैज पहनाकर सम्मानित किया तथा इस कठिन प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि राठौड़ की यह सफलता सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उनके सहकर्मी एवं विद्यार्थी इस उपलब्धि से प्रेरित हुए हैं और वे एक आदर्श शिक्षक के रूप में उभरकर सामने आए हैं। लेफ्टिनेंट राठौड़ ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कामठी में आयोजित यह तीन माह का प्रशिक्षण अत्यंत कठोर, अनुशासित एवं चुनौतीपूर्ण होता है। प्रशिक्षण के दौरान शारीरिक फिटनेस, परेड, हथियार संचालन, फील्ड क्राफ्ट, मैप रीडिंग तथा नेतृत्व विकास जैसी गतिविधियों से गुजरना पड़ता है। सुबह से देर शाम तक चलने वाली सख्त दिनचर्या में मानसिक दृढ़ता और अनुशासन बनाए रखना आवश्यक होता है। कठिन परिस्थितियों, शारीरिक थकान और तीन माह तक परिवार से दूर रहने के बावजूद राठौड़ ने अपने दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और समर्पण से यह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इस उपलब्धि के उपरांत वे महाविद्यालय की एनसीसी इकाई को और अधिक सशक्त दिशा प्रदान करेंगे, जिससे विद्यार्थियों को उनके अनुभव और प्रशिक्षण का सीधा लाभ मिलेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने श्री संतोष कुमार राठौड़ को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।